28 Jan Saturday.pdf

Udaipur Express

स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन

लक्ष्यराज ने स्टार्टअप को हुनर पर काम करने के लिए किया प्रोत्साहित

उदयपुर। राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई-स्टार्ट तथा स्टार्टअप चौपाल की ओर से शुक्रवार स्टार्टअप कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। विभाग की संयुक्त निदेशक शीतल अग्रवाल ने बताया कि उदयपुर के आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में होने वाले इस कॉन्क्लेव में कई युवा स्टार्टअप्स ने भाग लिया, जिनके लिए विशेषज्ञों के सैशन व पैनल डिस्कशन आयोजित किए गए। आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर के एसीपी (उप निदेशक) मनोज बिश्नोई ने बताया कि कॉन्क्लेव की शुरुआत में उदयपुर के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने एंटरप्रेन्योरशिप का सफर साझा किया। साथ ही सभी स्टार्टअप से संवाद किया जिसमे उन्होंने स्टार्टअप को अपने हुनर पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा कहा कि आप जिस विषय में अच्छे हो उसी में काम करें, सभी लोगों को अपने साथ लेकर चलें जिससे आपको अपने व्यापार में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा चलाई आई स्टार्ट परियोजना की प्रशंसा करते हुए युवा उद्यमियों को योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। चौपाल के संस्थापक सुमित श्रीवास्तव ने इस सत्र का संचालन किया। इसके बाद 'एंटरप्रेन्योरशिप: अपॉर्चुनिटी एंड रोड्स अहेड' विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें टाई, उदयपुर के प्रेसिडेंट विनर राठी, मारवाड़ी कैटलिस्ट (एमकेट्स) के संस्थापक

सुशील शर्मा तथा आईकृस्टार्ट के प्रतिनिधि धवल सिंघल ने विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में उमंग पुरोहित, जमील खान तथा अमित पुरोहित जी ने आई-स्टार्ट द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अंत में एसीपी मनोज बिश्नोई ने सभी का आभार जताया।

नारायण सेवा संस्थान में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। मानव मंदिर परिसर में संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव व कमला देवी ने अंकुर कॉम्प्लेक्स में अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह के मुख्य अतिथि सरदार सुरेंद्र सिंह सलूजा थे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी ललित मोहन शर्मा का कमला देवी व निदेशक वंदना अग्रवाल ने पाग, उपरणा व अभिनंदन पत्र भेंट कर राष्ट्रीय आंदोलन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। संस्थान के उन 6 विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया जिन्होंने जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते।

पेसिफिक विश्वविद्यालय के कृषि कैलेन्डर 2023 का विमोचन

उदयपुर। पेसिफिक विश्वविद्यालय मे गणतंत्र दिवस समारोह पर पेसिफिक समूह के अध्यक्ष डॉ. भगवती प्रसाद शर्मा, प्रेसिडेंट, पेसिफिक विश्वविद्यालय के प्रो. के. के. दवे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा पेसिफिक कृषि महाविद्यालय के 13 पृष्ठीय कृषि कैलेन्डर 2023 का विमोचन किया।

स्वत्वाधिकारी खाब्या ग्राफ संस के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक प्रमोद खाब्या द्वारा उदयपुर